23/07/2025

आकाशवाणी ईटानगर

संसद के मानसून सत्र 2025 के तीसरे दिन बिहार के विशेष गहन पुनरीक्षण अभ्यास और ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विपक्षी सदस्यों द्‍वारा लगातार की जा रही नारेबाजी के बाद दोनों सदनों की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई। पहलगाम और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग को लेकर विपक्ष के हंगामे के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। इस बीच, राज्यसभा में 29 जुलाई को ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तृत चर्चा निर्धारित की गई है, जिसके लिए 16 घंटे का समय निर्धारित किया गया है। आज सुबह हुई कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में इसके लिए अलग से समय आवंटित करने का निर्णय लिया गया।

0000000000000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्रिटेन और मालदीव की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रवाना हो गए हैं। अपनी यात्रा के पहले चरण में, वह ब्रिटेन के अपने समकक्ष कीर स्टारमर के साथ चर्चा करेंगे और राजा चार्ल्स तृतीय से भेंट करेंगे। आकाशवाणी से बातचीत में, ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम कुमार दोरईस्वामी ने कहा कि इस यात्रा से दोनों देशों को पारस्परिक लाभ मिलने की उम्मीद है। अपनी यात्रा के दूसरे चरण में, प्रधानमंत्री मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़्ज़ू के निमंत्रण पर 25 से 26 जुलाई तक मालदीव की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान श्री मोदी दोनों देशों के व्यापारिक नेताओं से भी बातचीत करेंगे।

0000000000000000000000

युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने आज लोकसभा में राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, 2025 पेश किया। विधेयक पेश करते हुए, श्री मंडाविया ने कहा कि यह विधेयक खेलों के विकास और संवर्धन, खिलाड़ियों के लिए कल्याणकारी उपायों और सुशासन के बुनियादी सार्वभौमिक सिद्धांतों पर आधारित नैतिक आचरण का प्रावधान करता है। श्री मंडाविया ने निचले सदन में राष्ट्रीय डोपिंग रोधी विधेयक, 2025 भी पेश किया। यह विधेयक राष्ट्रीय डोपिंग रोधी अधिनियम, 2022 में संशोधन का प्रयास करता है।

000000000000000000

जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू कर दी है। गृह मंत्रालय द्वारा कल श्री धनखड़ के इस्तीफे की अधिसूचना जारी होने के बाद यह प्रक्रिया शुरू हुई। सोमवार को जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया था।

0000000000000000000

मुख्य सचिव मनीष कुमार ने आज प्रधान मुख्य वन संरक्षक पी. सुब्रमण्यम, योजना आयुक्त अंकुर गर्ग, बागवानी सचिव कोज रिन्या और प्रमुख हितधारकों के साथ अरुणाचल प्रदेश ऑर्किड मिशन के मसौदे पर प्रस्तुत प्रस्तुति की समीक्षा के लिए एक बैठक बुलाई। बैठक में मिशन के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कार्यान्वयन, संसाधन जुटाने और सहयोग को बढ़ावा देने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया गया।

मुख्य सचिव ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि इस पहल का उद्देश्य राज्य भर में ऑर्किड की व्यावसायिक खेती को बढ़ावा देकर अरुणाचल प्रदेश को विश्व की ऑर्किड राजधानी के रूप में स्थापित करना है।

0000000000000000000000

भारत का पहला 50 किलोवाट का भू-तापीय विद्युत संयंत्र, पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक का उपयोग करते हुए, तवांग जिले में स्थापित किया जाएगा। यह 50 किलोवाट का भू-तापीय विद्युत संयंत्र पृथ्वी की आंतरिक ऊर्जा का उपयोग करके 68 डिग्री सेल्सियस के निम्न तापमान में बिजली का उत्पादन करेगा। अरुणाचल पृथ्वी विज्ञान एवं हिमालय अध्ययन केंद्र के भूवैज्ञानिक रूपांकर राजखोवा ने कल यह घोषणा की। राजखोवा ने कहा कि इस परियोजना के तीन वर्षों में पूरा होने की उम्मीद है।

00000000000000000000

कृषि मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने कल अरुणाचल प्रदेश कृषि विपणन बोर्ड की 33वीं वार्षिक आम बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में राज्य के कृषि विपणन पारिस्थितिकी तंत्र को नया रूप देने पर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें बाज़ार-संचालित उत्पादन सलाह, बाज़ार की जानकारी और सर्वेक्षणों को मज़बूत करने, व्यापार की मात्रा बढ़ाने और व्यापक विपणन रोडमैप पर ज़ोर दिया गया।

00000000000000000000

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक कैरी बैग पर प्रतिबंध पर चार दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आज दोपहर तवांग के ओल्ड मार्केट कम्युनिटी हॉल में शुरू हुआ। शहरी मामलों विभाग और तवांग जिला प्रशासन द्वारा, मार्केट कल्याण समितियों, महिला कल्याण संघ और स्वच्छ तवांग टास्क फोर्स समिति के सहयोग से आयोजित इस पहल का उद्देश्य एक स्वच्छ और हरित तवांग का निर्माण करना है।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग के सिरकी Water fall में डूबे स्वर्गीय करण गुवाला के परिवार के सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक, ओसी, स्थानीय विधायक और भारतीय सेना के प्रति उनकी त्वरित कार्रवाई के लिए आभार व्यक्त किया है। सदस्यों ने सभी व्यक्तियों और एजेंसियों के सहयोग के लिए उनकी सराहना की है।

0000000000000000000000000

मौसम विभाग ने अरुणाचल प्रदेश के पापुमपारे, सियांग, लोअर सियांग, अपर सियांग और दिबांग वैली ज़िलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की संभावना जताई है।

00000000000000000000000